गुरु नानक कॉलेज धनबाद

प्रतिभा सम्मान -2022"

-

आज दिनांक 14 फरवरी 2022 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के द्वारा " प्रतिभा सम्मान 2022 " का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मेधावी छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन गुरुनानक कॉलेज के एस. जे. एस. ग्रेवाल सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर एस चहल उपस्थित थे I इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, डॉo संजय प्रसाद ने स्वागत भाषण दिया Iअपने सम्बोधन में कॉलेज के प्राचार्य ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज अपने विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा, एन एस एस, एन सी सी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को सम्मानित करता है I परन्तु कोविड प्रोटोकॉल के कारण 26 जनवरी को यह कार्यक्रम नहीं हो पाया और निश्चित किया गया कि कोविड के SOPs में छूट मिलते ही प्रथम अवसर में इस कार्यक्रम को किया जाय I इस अवसर पर गुरु नानक कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर. एस. चहल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्रों को कहा की उनकी सफलता प्रत्येक शिक्षक, कॉलेज और समाज की सफलता का प्रतीक है, इसे हर कोई अपनी मेहनत और लगन से प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर शैक्षणिक वर्ग के अंतर्गत आई. ए, आई. काम, बी. ए (जनरल), बी. काम (जनरल), बी. ए आनर्स, बी. काम आनर्स, बी सी ए मिलाकर कुल 58, एन एस एस स्वयंसेवकों में रेगुलर कैंप एवं रेगुलर एक्टिविटी के लिए 58 और एन. सी. सी के लिए 35 छात्रों को मेरिट प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इसी वर्ष से विश्वविद्यालय के तर्ज पर कॉलेज के बेस्ट ग्रेजुएट श्रेणी सम्मान की शुरुआत की गई जिसके अंतर्गत बी. ए. अर्थशास्त्र(2018-2021) के छात्र अर्जुन सिंह तथा बी. सी, ए. (2018-2021) की छात्रा सुहानी को बेस्ट ग्रेजुएट (वोकेशनल)अवार्ड को दिया गया। इस अवसर पर बेस्ट एन. सी. सी कैडेट के रूप में अंकित कुमार ठाकुर को पुरुस्कृत किया गया, इन्होंने सन् 2020 में गणतंत्र दिवस परेड, नई दिल्ली में गुरु नानक कॉलेज का प्रतिनिधित्व भी किया था। इस कार्यक्रम में प्रो.इंचार्ज(भूदाकैंपस)प्रो.अमरजीत सिंह प्रो. इंचार्ज(बैंकमोड़ कैंपस) डॉ. रंजना दास, प्रो.संजय सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो दिपक कुमार प्रो. नीता ओझा, प्रो. वर्षा सिंह,प्रो. सोनू प्रसाद, प्रो. अभिषेक सिन्हा,प्रो.अर्णब सरखेल, प्रो. दलजीत सिंह, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. साधना सिंह, प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. अनुराधा सिंह,प्रो. नीतू , एन सी सी ऑफिसर श्री संजय कुमार सिंह, एन सी सी ऑफिसर सूबेदार हरी सिंह समेत अन्य कई शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें I

कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ मिना मालखण्डी के द्वारा किया गया I